**Series : DQQPP/4**

**SET ~ 3**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **32/4/3**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

**नोट / NOTE :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **12** (**मानचित्र** सहित) हैं ।
Please check that this question paper contains **12** printed pages (Including **Map**).

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
Q.P. Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **13** प्रश्न हैं ।
Please check that this question paper contains **13** questions.

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
**Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it.**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. *

# सामाजिक विज्ञान
# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : **2** घण्टे*
*Time allowed : **2** hours*

*अधिकतम अंक : **40***
*Maximum Marks : **40***



ZOLLEGE.in

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **13** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **पाँच खण्डों** में विभाजित है – **क, ख, ग, घ** एवं **ङ** ।*

*(iii)* ***खण्ड-क** में प्रश्न संख्या **1** से **5** तक अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है । इन प्रश्नों के उत्तर अधिकतम **40** शब्दों में दिए जाने चाहिए*

*(iv)* ***खण्ड-ख** में प्रश्न संख्या **6** से **8** तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है । इन प्रश्नों के उत्तर अधिकतम **80** शब्दों में दिए जाने चाहिए ।*

*(v)* ***खण्ड-ग** में प्रश्न संख्या **9** और **10** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है । इन प्रश्नों के उत्तर अधिकतम **120** शब्दों में दिए जाने चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड-घ** में प्रश्न संख्या **11** और **12** केस आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है ।*

*(vii)* ***खण्ड-ङ** में प्रश्न संख्या **13** मानचित्र आधारित प्रश्न है । यह प्रश्न **3** अंकों का है । यह दो भागों में विभाजित है – **13.1** इतिहास (**1** अंक) और **13.2** भूगोल (**2** अंक) ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । हालाँकि कुछ प्रश्नों में आंतरिक चयन के विकल्प दिए गए हैं । इन प्रश्नों में से किसी **एक** ही विकल्प का उत्तर लिखना है ।*

*

**खण्ड – क**

**(अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)** **2 × 5 = 10**

1. 1920 के दशक के शुरुआत में आंध्र प्रदेश की गूडेम पहाड़ियों में एक उग्र गुरिल्ला आंदोलन क्यों फैल गया था ? **2**

2. आवश्यकताओं का दोहरा संयोग किस प्रकार पैदा होता है ? **2**

3. उद्योगों का पूँजी निवेश के आधार पर वर्गीकरण कीजिए । **2**

4. भारत में राष्ट्रीय राजमार्गों के महत्त्व की व्याख्या कीजिए । **2**

5. एक दलीय व्यवस्था, दो दलीय व्यवस्था से किस प्रकार भिन्न है ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । **2**



ZOLLEGE.in

## General Instructions :

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them.*

(i) *There are **13** questions in the question paper. **All** questions are compulsory.*

(ii) *This question paper is divided into **5 Sections – A, B, C, D and E.***

(iii) ***Section A** – Question no. **1** to **5** are very short answer type questions of **2** marks each. Answer to each question should not exceed **40** words.*

(iv) ***Section B** – Question no. **6** to **8** are short answer type questions, carrying **3** marks each. Answer to each question should not exceed **80** words.*

(v) ***Section C** – Question no. **9** and **10** are long answer type questions, carrying **5** marks each. Answer to each question should not exceed **120** words.*

(vi) ***Section D** – Question no. **11** and **12** are Case Based questions, carrying **4** marks each.*

(vii) ***Section E** – Question no. **13** is map based, carrying **3** marks with two parts, **13.1** from History (**1** mark) and **13.2** from Geography (**2** marks).*

(viii) *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in a few questions. Only **one** of the choices in such questions have to be attempted.*

ZOLLEGE.in

### SECTION – A

**(Very Short Answer Questions)** **2 × 5 = 10**

1. Why was a militant guerilla movement spread in the Gudem hills of Andhra Pradesh in the early 1920s ? **2**

2. How do double coincidence of wants arise ? **2**

3. Classify industries on the basis of capital investment. **2**

4. Explain the importance of National Highways in India. **2**

5. How is one-party system different from two-party system ? Explain with examples. **2**



ZOLLEGE.in

## खण्ड – ख

**(लघु–उत्तरीय प्रश्न)** **3 × 3 = 9**

6. (क) फरवरी 1922 में महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन को वापस लेने का निश्चय क्यों किया ? स्पष्ट कीजिए। 3

**अथवा**

(ख) प्रथम विश्व युद्ध ने किस प्रकार भारत में नई आर्थिक स्थिति पैदा की ? स्पष्ट कीजिए।

7. 'लोकतांत्रिक सरकारें पारदर्शी और वैध होती हैं।' इस कथन की न्यायसंगत पुष्टि कीजिए। 3

8. तीन महत्त्वपूर्ण 'ऋण की शर्तों' की व्याख्या कीजिए। 3

## खण्ड – ग

**(दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न)** **5 × 2 = 10**

9. (क) भारत में राजनीतिक दलों के समक्ष किन्हीं पाँच प्रमुख चुनौतियों की परख कीजिए। 5

**अथवा**

(ख) "लोकतांत्रिक देशों में राजनीतिक दल महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।" इस कथन को न्यायसंगत ठहराइये। 5

10. (क) भारत में केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों द्वारा विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए उठाए गए कदमों की परख कीजिए। 5

**अथवा**

(ख) भारत में वैश्वीकरण के प्रभाव की परख कीजिए। 5

## खण्ड – घ

**(केस आधारित प्रश्न)** **4 × 2 = 8**

11. दिए गए केस का पठन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

पटसन उद्योग की चुनौतियों में अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में कृत्रिम वस्त्रों से और बांग्लादेश, ब्राजील फिलीपीन्स, मिस्र तथा थाईलैंड जैसे अन्य देशों से कड़ी प्रतिस्पर्धा शामिल है। यद्यपि पटसन पैकिंग की अनिवार्य प्रयोग की सरकारी नीति के कारण इसकी घरेलू माँग बढ़ी है तथापि माँग बढ़ाने हेतु उत्पाद में विविधता भी आवश्यक है। 2005 मे, पटसन के किसानों के लिए उच्च कीमत सुनिश्चित करने, उनके प्रति हेक्टर उत्पादन में वृद्धि करने उत्पादकता में वृद्धि करने तथा गुणवत्ता में सुधार करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय पटसन नीति का निर्माण किया गया था। पटसन के प्रमुख खरीददार–अमेरिका, कनाडा, घाना, सऊदी अरब, यूनाइटेड किंगडम और ऑस्ट्रेलिया हैं। बढ़ते वैश्विक पर्यावरण अनुकूलन, जैवनिम्नीकरणीय पदार्थों के लिए विश्व की बढ़ती जागरूकता ने पुनः जूट उत्पादों के लिए अवसर प्रदान किया है।



ZOLLEGE.in

## SECTION – B

**(Short Answer type Questions)** **3 × 3 = 9**

6. (a) Why did Mahatma Gandhi decide to withdraw the Non-Cooperation Movement in February 1922 ? Explain. **3**

**OR**

(b) How did the First World War create a new economic situation in India ? Explain.

7. 'Democratic governments are transparent and legitimate.' Justify the statement. **3**

8. Explain the three important 'terms of Credit'. **3**

## SECTION – C

**(Long Answer Type Questions)** **5 × 2 = 10**

9. (a) Examine any five major challenges faced by the political parties in India. **5**

**OR**

(b) "Political parties play an important role in democratic countries." Justify the statement. **5**

10. (a) Examine the steps taken by the Central Government and State Governments to attract foreign investment in India. **5**

**OR**

(b) Examine the impact of globalization in India. **5**

## SECTION – D

**(Case Based Questions)** **4 × 2 = 8**

11. Read the given case and answer the questions that follow :

Challenges faced by the Jute industry include stiff competition in the international market from synthetic substitutes and from other competitors like Bangladesh, Brazil, Philippines, Egypt and Thailand. However, the internal demand has been on the increase due to the Government policy of mandatory use of jute packaging. To stimulate demand, the products need to be diversified. In 2005, National Jute Policy was formulated with the objective of increasing productivity, improving quality, ensuring good prices to the jute farmers and enhancing the yield per hectare. The main markets are U.S.A., Canada, Russia, United Arab Republic, U.K. and Australia. The growing global concern for environment friendly, biodegradable materials, has once again opened the opportunity for jute products.



ZOLLEGE.in

(11.1) भारत में पटसन उद्योग के समक्ष किन्हीं दो चुनौतियों का उल्लेख कीजिए । 1

(11.2) सन् 2005 में बनाई राष्ट्रीय पटसन नीति का मुख्य उद्देश्य क्या था ? 1

(11.3) पटसन उद्योग ने पुन: अपने उत्पादों के लिए किस प्रकार नये अवसर प्रदान किए हैं ? 2

12. दिए गए केस का पठन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**सत्याग्रह पर महात्मा गांधी के विचार**

'कहा जाता है कि "निष्क्रिय प्रतिरोध" दुर्बलों का हथियार है । लेकिन इस लेख में जिस शक्ति की बात की गई है उसे केवल ताकतवर ही इस्तेमाल कर सकते हैं । यह निष्क्रिय प्रतिरोध की शक्ति नहीं है; इसके लिए तो सघन सक्रियता चाहिए । दक्षिण अफ्रीका का आंदोलन निष्क्रिय नहीं बल्कि सक्रिय आंदोलन था ... ।'

'सत्याग्रह शारीरिक बल नहीं है । सत्याग्रही अपने शत्रु को कष्ट नहीं पहुँचाता; वह अपने शत्रु का विनाश नहीं चाहता । ... सत्याग्रह के प्रयोग में दुर्भावना के लिए कोई स्थान नहीं होता ।'

'सत्याग्रह तो शुद्ध आत्मबल है । सत्य ही आत्मा का आधार होता है । इसीलिए इस बल को सत्याग्रह का नाम दिया गया है । आत्मा ज्ञान से हमेशा लैस होती है । इसमें प्यार की लौ जलती है ...। अहिंसा सर्वोच्च धर्म है ... ।'

'इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत विनाशकारी शस्त्रों के मामले में ब्रिटेन या यूरोप का मुकाबला नहीं कर सकता । अंग्रेज़ युद्ध के देवता की उपासना करते हैं । वे सब हथियारों से लैस हो सकते हैं, होते जा रहे हैं । भारत में करोड़ों लोग कभी हथियार लेकर नहीं चल सकते । उन्होंने अहिंसा के धर्म को आत्मसात् कर लिया है ...।'

(12.1) गांधीजी ने दक्षिण अफ्रीका में किस प्रकार का आन्दोलन आयोजित किया था ? 1

(12.2) सत्याग्रह को 'शुद्ध आत्मबल' क्यों माना जाता है ? 1

(12.3) गांधीजी ने 'निष्क्रिय प्रतिरोध' का किस प्रकार वर्णन किया है ? 2

## खण्ड – ङ

**(मानचित्र आधारित प्रश्न)** 3

13. (13.1) भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा मानचित्र में स्थान (A) की पहचान निम्नलिखित जानकारी की मदद से कीजिए एवं उसका सही नाम समीप दी गई रेखा पर लिखिए ।

(A) वह स्थान जहाँ राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन सितम्बर 1920 में हुआ था ।

(13.2) भारत के इसी मानचित्र पर निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्न से अंकित कीजिए और उसका नाम लिखिए ।

(i) (क) तारापुर – आणविक संयंत्र

**अथवा**

(ख) कलपक्कम – आणविक संयंत्र

(ii) हैदराबाद – राजीव गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन



ZOLLEGE.in

(11.1) Mention any two challenges faced by 'jute industry' in India. **1**

(11.2) What was the main objective of National Jute Policy formulated in 2005 ? **1**

(11.3) How has jute industry once again opened the new opportunities for its products ? **2**

12. Read the given case and answer the questions that follow :

**Mahatma Gandhi's thoughts on Satyagraha**

'It is said of "passive resistance" that it is the weapon of the weak, but the power which is the subject of this article can be used only by the strong. This power is not passive resistance; indeed it calls for intense activity. The movement in South Africa was not passive but active …'

'Satyagraha is not physical force. A satyagrahi does not inflict pain on the adversary; he does not seek his destruction … In the use of satyagraha, there is no ill-will whatever.'

'Satyagraha is pure soul-force. Truth is the very substance of the soul. That is why this force is called satyagraha. The soul is informed with knowledge. In it burns the flame of love … Non-violence is the supreme dharma …'

'It is certain that India cannot rival Britain or Europe in force of arms. The British worship the war-god and they can all of them become, as they are becoming, bearers of arms. The hundreds of millions in India can never carry arms. They have made the religion of non-violence their own …'

(12.1) What type of movement Gandhiji organised in South Africa ? **1**

(12.2) Why is satyagraha considered as pure soul-force ? **1**

(12.3) How has Gandhiji described passive resistance ? **2**

## SECTION – E
## (Map Based Question) **3**

13. (13.1) On the given outline political Map of India, identify the place marked as (A) with the help of following information and write its correct name on the line marked near it.

(A) The place where National Congress Session was held in September 1920.

(13.2) On the same given Map of India, locate and label the following with appropriate symbols.

(i) (a) Tarapur – Nuclear Power Plant

**OR**

(b) Kalpakkam – Nuclear Power Plant

(ii) Hyderabad – Rajiv Gandhi International Airport



ZOLLEGE.in

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 13.1 व 13.2 के स्थान पर है ।**

(13.1) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ सितंबर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था । **1**

(13.2) (क) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ तारापुर आणविक ऊर्जा संयंत्र स्थित है । **1**

**अथवा**

(ख) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ कलपक्कम आणविक ऊर्जा संयंत्र स्थित है ।

(13.3) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन स्थित है । **1**



ZOLLEGE.in

**Note : The following question is for Visually Impaired Candidates only in Lieu of Q. No. 13.1 and 13.2**

(13.1) Name the place where the Indian National Congress session was held in September 1920. **1**

(13.2) (a) Name the State where Tarapur Nuclear Power Plant is located. **1**

**OR**

(b) Name the State where Kalpakkam Nuclear Power Plant is located.

(13.3) In which State Rajiv Gandhi International Airport is located ? **1**



ZOLLEGE.in

यहाँ से काटें ---------- Cut Here ---------- यहाँ से काटें ---------- Cut Here

प्रश्न सं. **13** के लिए मानचित्र
Map for Q. No. **13**






ZOLLEGE.in

ZOLLEGE.in